हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 18 अक्टूबर 2025
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]



खबर संक्षेप



## कोडार में नंदेश्वर की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**महासमुंद।** ग्राम कोडार में नंदेश्वर के मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित की गई। प्रतिमा स्थापना में जिला पंचायत के पूर्व सभापति अमर अरुण चंद्राकर का विशेष सहयोग रहा। अमर व ग्रामीणों ने पूजा अर्चना कर विधि विधान से प्रतिमा स्थापित की। इस अवसर पर सहदेव यादव, रोहित ध्रुव, रामलाल निषाद, चिंतामणि साहू, जनक राम साहू, हरिराम यादव, तुकाराम, रूपलाल यादव, परदेशी ध्रुव, बृज बैगा व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# जूनियर रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर हुआ सिरपुर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ऐतिहासिक नगरी सिरपुर में महानदी के किनारे तीन दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 10 अक्टूबर को शुभारंभ हुआ। शुभारंभ अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल, उपाध्यक्ष जिला पंचायत भीखम सिंह ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य सृष्टि अमर चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य देवकी पटेल, सभापति भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी संदीप दीवान, सरपंच सिरपुर पुष्पा माली, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, जिला संगठक डॉ अशोक गिरि गोस्वामी, प्रबंधकारिणी रेडक्रास राजेश्वर खरे सदस्य, विश्वनाथ पाणिग्रही सदस्य, सह क्रीडा अधिकारी अंजली बरमाल, शिविर संचालक उमा ठाकुर उपस्थित रहे। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने सेवा भाव से मानवता का पाठ का संदेश दिया। पाणिग्रही ने पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण के लिए सभी विद्यार्थी को प्रेरित किया। जिला मास्टर ट्रेनर दिनेश साहू ने रेडक्रॉस के उद्देश्य, सिद्धांत एवं मूलभूत सामाजिक दायित्व की जानकारी प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन किरण पटेल विकासखंड सचिव महासमुंद ने किया।



शिविर के द्वितीय दिवस में योग व्यायाम ध्वजारोहण के साथ साथ सेवा कार्य सिखाया गया। नेशनल मास्टर ट्रेनर डॉ यशवंत चंद्राकर एवं ट्रेनर दिनेश साहू द्वारा प्राथमिक सहायता की ट्रेनिंग, जिसमें सीपीआर, विभिन्न दुर्घटनाओं जैसे कि रोड एक्सिडेंट, आग, पानी में डूबना, रक्तस्त्राव, फ्रैक्चर, जहर सेवन, सर्प दंश डॉग बाइट, मिर्गी, विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, भूकंप, वज्रपात में घायल की सहायता के लिए ट्रेनिंग दिया गया। साथ ही रक्तदान, नेत्रदान, अंगदान, प्रदूषण नियंत्रण, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, भ्रूण हत्या, नारी शिक्षा, नशा मुक्ति की जानकारी दी गई। साथ ही महा शिविर ज्वाल कार्यक्रम मुख्य अतिथि विधायक बसना डॉ संपत अग्रवाल के आतिथ्य में हुआ। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष दिशा दीवान, स्वप्निल तिवारी, संदीप दीवान, डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी, सुखी राम हिरवानी, दुलरवा धीवर, निहाल सोनकर, उपसरपंच राजेश ठाकुर, सुमन दीवान, पुरुषोत्तम घृतलहरे, डॉ यशवंत चंद्राकर उपस्थित रहे। और जूनियर द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया गया। अंतिम तृतीय दिवस 12 अक्टूबर कौन शिविर में शामिल 756 जूनियर एवं 95 काउंसिलर सहित कुल 911 लोगों ने सिरपुर के अनेक ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों का रैली के साथ भ्रमण किया और नगर भ्रमण भी किया। साथ ही सभी जूनियर का प्राथमिक सहायता एवं एवं जनरल नालेज का क्विज कंपीटिशन का आयोजन किया गया।

अंतिम दिन समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सभापति भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी संदीप दीवान उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को समस्त ज्ञान की बातों को जीवन में अमल करने तथा सभी से साक्षा करने की सलाह दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में भूपेंद्र राठौर उपाध्यक्ष रेडक्रॉस सोसायटी, अनिता रावटे पूर्व सभापति रेडक्रास, प्रवीण दीवान, शोभा दीवान, थानवर यादव, गोपी ध्रुव, प्रदीप साहू, प्रेम लाल पटेल, कावेरी वैष्णव, धरम पटेल, मुकेश देशमुख, उमा ठाकुर शिविर संचालक, महासमुंद जूनियर रेडक्रॉस सचिव किरण पटेल, बागबाहरा जूनियर रेडक्रास सचिव परस राम सिन्हा, बसना सचिव जानकी जीवन प्रधान, सरायपाली सचिव यशवंत चौधरी, अंशुमन टांडी, कोमल ध्रुवंशी, चिंताराम अग्रवाल, नोबल ध्रुव, भोजन प्रभारी रघुनाथ सिन्हा, पंजीयन प्रभारी पटेल कार्यालय प्रभारी तेजलाल देवांगन, सहायक द्वारका उपस्थित रहे। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संत अन्ना स्कूल सांकरा, द्वितीय आशीबाई गोलछा महासमुंद, तृतीय कन्या शाला बसना, रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान हायर सेकंडरी स्कूल बढ़ईपाली पिथौरा, द्वितीय हायर सेकंडरी स्कूल दुर्गापली बसना एवं तृतीय हायर सेकंडरी स्कूल खोपली बागबाहरा रहा। वही क्विज़ कंपीटिशन में प्रथम जानवी देवदास कौहाकुडा, द्वितीय तृतीय साक्षी सोनवानी, नेहा साहू कोल्दा चतुर्थ सागर साहू बढ़ईपाली, पंचम अनुपमा यादव सुखीपाली रहा।



## विधायक ने छात्राओं को वितरित की साइकिल

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छपोराडीह में शासन की महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा रहे। विधायक सिन्हा ने छात्राओं को शुभकामनाओं के साथ साइकिल वितरित की। उन्होंने कहा कि सभी मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने माता पिता के साथ पूरे क्षेत्र का नाम रोशन करें।



## कन्या कॉलेज में भूगोल परिषद का गठन, अध्यक्ष बनीं योगेश्वरी, विश्व खाद्य दिवस भी मनाया

**महासमुंद।** शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में भूगोल विभाग द्वारा भूगोल परिषद का गठन प्राचार्य डॉ.एसबी कुमार के मार्गदर्शन तथा विभागाध्यक्ष ओम प्रकाश पटेल के नेतृत्व में छात्राओं का गुणानुक्रम के आधार पर एमए भूगोल के छात्राओं का मनोनयन विभिन्न पदों पर किया गया। जिसमें अध्यक्ष योगेश्वरी, उपाध्यक्ष गायत्री, सचिव मोनिका चंद्राकर, सहसचिव कोमल साहू, मीडिया प्रभारी लक्ष्मी तथा अनुशासन प्रभारी दिव्या और प्रगति मनोनीत सदस्य बनी, जो भौगोलिक वार्षिक कैलेंडर तथा विभिन्न वार्षिक गतिविधियों का निवर्हन करते हुए प्रतिपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। मनोनित सभी सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ प्राचार्य ने दिलाई। इस अवसर पर डॉ.सरस्वती वर्मा, डॉ.मनोज कुमार शर्मा, जगदीश प्रसाद खट्कर, डॉ.चित्रलेखा साहू, चमन आडिल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर विश्व खाद्य दिवस भी मनाया गया। जिसमें बेहतर जीवन बेहतर भविष्य के लिए खाद्य पदार्थों का अधिकार, किसी को पीछे न छोड़े थीम पर प्राचार्य ने समबोधित करते हुए संयुक्त राष्ट्र तथा विश्व कृषि एवं खाद्य संगठन के कार्यो का उल्लेख करते हुए भूख से मुक्ति का वैश्विक आह्वान को रेखांकित किया। कार्यक्रम की रूपरेखा तथा भूगोल परिषद के गठन के उद्देश्यों का विस्तारपूर्वक वर्णन ओम प्रकाश पटेल द्वारा किया गया तथा आभार प्रकट चमन आडिल ने किया।



## राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा स्पर्धा में वृंदावन विद्यालय के छात्रों का उत्कृष्ट सांस्कृतिक व खेल प्रदर्शन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं जिला शिक्षा विभाग महासमुंद द्वारा आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता 06 अक्टूबर से 09 अक्टूबर तक हुआ। इस प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह पर वृंदावन विद्यालय के छात्रों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रदर्शन के साथ शाला की ओर से प्रमुख सहभागिता रही। जिसके लिए जिला प्रशासन एवं जिला शिक्षा विभाग ने छात्रों को ससम्मान स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया तथा एकल खेल 100 मीटर रेस में कक्षा दसवीं की छात्रा योगिता यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त कर शाला को गौरान्वित किया। इस कार्यक्रम में महासमुंद जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, सांसद रूपकुमारी चौधरी, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, अतिथिगण येतराम साहू, चंद्रहास चंद्राकर, महेंद्र सिंह सिक्का, महेंद्र जैन उपस्थित रहे। विद्यालय के संचालक एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, उपप्राचार्य इंदु मिश्रा ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में छात्रों ने विद्यालय के शिक्षक होमेश साहू एवं शिक्षिका रिंकी कुर्रे के नेतृत्व में भाग लिया।



## महाविद्यालय में प्रबंधन विकास पर हुआ प्रशिक्षण

**महासमुंद।** शांत्रीबाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर दुर्ग द्वारा "मानव संसाधन प्रबंधन एवं विकास" विषय पर एक प्रबंधन विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम 09 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक 05 दिवसीय वर्कशाप आयोजित किया गया। वर्कशाप के प्रथम दिवस पर मुख्य डी. निवास ने छात्र/छात्राओं को एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर, दुर्ग का परिचय देते हुए यह कैसे कार्य करती है और कैसे रोजगार के अवसर उपलब्ध कराती है इस बारे में विस्तार से जानकारी दिए। दूसरे दिवस डा मनोज साहू ने एचआरएम और एचआरडी के कार्य, संचायन कैसे किया जाता है व कितने चरण होते है इस बारे में बताया। तीसरे दिवस प्रेमनंद राव ने मानव संसाधन की भूमिकाएं व नियंत्रण के बारे में बताया। चौथे दिवस डा प्रमेंद्र साहू द्वारा नौकरियों का पूर्ण विवरण, आय के अवसर, रणनीतिक प्रबंधन औद्योगिक ज्ञान प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया। पांचवें दिवस डा अनिमेश अग्रवाल द्वारा आनलाइन रोजगार कैसे सर्च कर सकते है, इस बारे में जानकारी दी गई। वर्कशाप के समापन अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डा सविता चंद्राकर ने कहा कि यह वर्कशाप विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण रहा। जिसमें उन्होंने कैरियर विकास कैसे करें व अपनी आमदनी कैसे प्राप्त करें इस बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला। समापन अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी अर्शिन सोलोमन के द्वारा इस वर्कशाप के सफल आयोजन के लिए सभी वक्ताओं, महाविद्यालय की प्राचार्य, समस्त विद्यार्थियों व प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रुप में सहयोग देने वाले शैक्षणिक/अशैक्षणिक स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया।

## नवाचार और स्टार्टअप को मिली नई उड़ान स्वामी आत्मानंद विद्यालय में हुआ छत्तीसगढ़ आइडियाथान 2025 का आउटरीच कार्यक्रम

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ आइडियाथान 2025 के अंतर्गत युवाओं में नवाचार की भावना को बढ़ावा देने, स्टार्टअप एवं इनक्यूबेशन सहायता की जानकारी प्रदान करने तथा विभिन्न योजनाओं की जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से वाणिज्य एवं उद्योग विभाग छत्तीसगढ़ शासन तथा एनआईटी रायपुर आरआरएफआईई के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर विनय लंगेह रहे। इस अवसर पर एनआईटी रायपुर से डॉ. धर्मपाल (सह-प्राध्यापक), मेधा सिंह (सीईओ) एवं सुनील देवांगन (इनक्यूबेशन प्रबंधक) विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को स्टार्टअप की अवधारणा, व्यवसाय स्थापना की प्रक्रिया, नवाचार की भूमिका और सरकारी योजनाओं के लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों को यह बताया गया कि किस प्रकार वे अपने रचनात्मक विचारों को व्यावसायिक रूप में बदलकर न केवल आत्मनिर्भर बन सकते हैं, बल्कि समाज के विकास में भी योगदान दे सकते हैं। कलेक्टर विनय लंगेह ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज का युग नवाचार का युग है। युवाओं को चाहिए कि वे पारंपरिक सोच से आगे बढ़कर नई दिशा में सोचें। शासन द्वारा स्टार्टअप और इनक्यूबेशन को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका अधिक से अधिक लाभ युवाओं को लेना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के कई विद्यार्थियों ने अपने नवोन्मेषी विचार और प्रोजेक्ट आइडिया कलेक्टर एवं विशेषज्ञों के समक्ष साझा किए, जिनकी सराहना की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, विद्यार्थी, युवा उद्यमी तथा विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# फर्जी नियुक्ति का मामलाः मृत शिक्षक के पुत्र ने मांगी न्याय की गुहार, 30 वर्ष बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले के शिक्षा विभाग में एक गंभीर फर्जी नियुक्ति का मामला सामने आया है। सरायपाली विकासखंड के ग्राम पंचायत नूनपानी चकरदा निवासी प्रेमसागर चौहान ने प्राथमिक शाला गौरटेक के प्रधानपाठक संतलाल मुखर्जी पर फर्जी अनुकंपा नियुक्ति का आरोप लगाते हुए शासन-प्रशासन से जांच कर विधिक कार्रवाई की मांग की है।

शिकायतकर्ता प्रेमसागर चौहान ने बताया कि उनके पिता स्वर्गीय कन्हैयालाल चौहान वर्ष 1991 से पूर्व ग्राम पंचायत चकरदा में सहायक शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। वर्ष 1991 में उनके पिता की आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। उस समय प्रेमसागर की उम्र मात्र दो वर्ष थी। पिता की मृत्यु के बाद उनकी माता घर छोड़कर कहीं चली गईं और दादी करमायत बाई ने ही उनका पालन-पोषण किया।

प्रेमसागर ने बताया कि वर्ष 1995 के आसपास उनकी दादी को यह जानकारी मिली कि उनके पिता की मृत्यु के बाद अनुकंपा नियुक्ति का




लाभ किसी अन्य व्यक्ति संतलाल मुखर्जी (पिता जगसाय मुखर्जी, निवासी सिंघनपुर) को दे दिया गया। जबकि वह उनके परिवार या वंश वृक्ष से किसी प्रकार का संबंध नहीं रखते। इस पर उनकी दादी ने तत्कालीन अधिकारियों से कई बार शिकायत की और नियुक्ति को निरस्त करने की मांग की, परंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। लगभग 30 वर्षों के बाद प्रेमसागर चौहान ने स्वयं न्याय पाने के लिए कलेक्टर महासमुंद के जनदर्शन में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने मांग की है कि संतलाल मुखर्जी की नियुक्ति की जांच कर यदि अनियमितता साबित होती है तो उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित या बर्खास्त किया जाए। साथ ही फर्जी तरीके से सरकारी सेवा प्राप्त करने पर एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए तथा सेवा अवधि के दौरान मिले सभी वेतन और लाभ की वसूली (रिकवरी) की जाए।

प्रेमसागर का कहना है कि उनकी दादी ने गरीबी में दूसरों के घरों में काम कर उन्हें बड़ा किया। कई बार शिकायत करने के बावजूद न्याय नहीं मिला। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जब भी उन्होंने इस मामले में आवाज उठाई, उन्हें डराने-धमकाने और दबाव बनाने की कोशिश की गई। वर्तमान में संतलाल मुखर्जी महासमुंद जिले के शासकीय प्राथमिक शाला गौरटेक में प्रधानपाठक के रूप में कार्यरत हैं। शिकायतकर्ता ने शासन से निवेदन किया है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की फर्जी अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण दोबारा न हों।

## कॉलेज में अंग्रेजी साहित्य विभाग छात्र परिषद का हुआ गठन

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वलभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.करुणा दुबे के मार्गदर्शन में एमए अंग्रेजी साहित्य विभाग के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का अंग्रेजी साहित्य विभाग छात्र परिषद का गठन एवं प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का स्वागत कार्यक्रम 15 अक्टूबर बुधवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. डॉ. रीता पाण्डेय, प्रो. डॉ. मालती तिवारी विभागाध्यक्ष राजनीती विज्ञान, प्रो. डॉ. नीलम अग्रवाल विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र, प्रो. आशुतोष पूरी गोस्वामी विभागाध्यक्ष अंग्रेजी, डॉ. गरिमा दीवान मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम माता सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजन कर किया गया। सरस्वती वंदना डिम्पल व झरना द्वारा किया गया। अंग्रेजी साहित्य परिषद के पदाधिकारीयों का मनोनयन व शपथ प्रचार्य के श्रीमुख से किया गया। जिसमें अध्यक्ष भावना यादव तृतीय सेमेस्टर, इतवारी उगरे उपाध्यक्ष प्रथम सेमेस्टर, सचिव निशा दीवान तृतीय सेमेस्टर, सहसचिव दुर्गेश बेहरा प्रथम सेमेस्टर। मुख्य अतिथि के आसंदी से संबोधित करते हुए प्रो. डॉ. रीता पाण्डेय ने कहा कि छात्रों को सदैव अवसरों को तलाशते रहना चाहिए और जहां अवसर मिले अपने व्यक्तित्व के सौंदर्य से संपूर्ण संसार को आलोकित कर सकते है। प्रो.डॉ. मालती तिवारी ने कहा कि महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग के लिए आज का यह अवसर हमारे लिए न केवल उत्सव का प्रतीक है, बल्कि यह आत्ममंथन, प्रेरणा और नवनिर्माण की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम भी है। हम सभी यहाँ एक साथ एक उद्देश्य, एक भावना और एक दिशा के साथ एकत्र हुए हैं। और वह है विकास, समर्पण और सहयोग। प्रो. डॉ. नीलम अग्रवाल ने कहा कि विभाग आपकी अपने सर्वांगिण विकास करने के लिए अवसर प्रदान करते है। शैक्षणिक के साथ-साथ सह शैक्षणिक गतिविधियाँ भी संचालित करती है। जिसमें भाग लेकर आप अपने सर्वांगिण विकास कर सकते है। आशुतोष पूरी गोस्वामी द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए कहा कि महाविद्यालय के अंग्रेजी साहित्य विभाग छात्र-छात्राओं के चहुमुखी विकास करने कृत संकल्पित है। कक्षाएँ नियमित रूप से संचालित है। जिसमें ज्यादा से ज्यादा छात्र छात्राएं उपस्थिति सुनिश्चित करें। आभार व्यक्त डॉ. गरिमा दीवान तथा संचालन काजल शर्मा एवं नितेश याद्व ने किया।

## झलप क्षेत्र में सतनामी समाज महिला संगठन का गठन, समाज उत्थान की दिशा में पहल

**झलप।** झलप परिक्षेत्र के सतनामी मुक्ति केन्द्र महासमुंद (पंजी. 17678) के तत्वावधान में महिलाओं के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए महिला संगठन का गठन किया गया। संगठन के सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से महिला संगठन का गठन किया गया और समाज के महिला समूह उत्थान का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर उपस्थित समाजजनों ने सामाजिक, शैक्षिक एवं आर्थिक रूप से समाज की महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करने का निर्णय लिया। समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने, शिक्षा के प्रसार तथा रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु भी संगठन द्वारा विशेष पहल की जाएगी। सभी सदस्यों ने मानव समाज में समानता, सम्मान, हक-अधिकार एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूकता फैलाने और भारतीय संविधान में वर्णित अधिकारों के पालन हेतु कार्य करने का संकल्प लिया। समाज के समग्र विकास और सामाजिक सौहार्द निर्माण के लिए महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को आवश्यक बताया गया। संगठन के गठन के दौरान सुरक्षा, शिक्षा और स्वावलंबन के मुद्दों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। इस अवसर पर उपस्थिति सदस्यों द्वारा समिति का गठन कर अध्यक्ष सरस्वती देवी, उपाध्यक्ष विमला धृतलहरे को सर्वसम्मति से चुना गया। इसी तरह माधुरी महेश्वरी को सचिव, प्रतिमा कुर्रे की कोषाध्यक्ष, जया आवडे को सहसचिव, रूखमणी जोगी, गीता महेश्वरी, नमिता बांधे, खुमन बारले, मोतिम धृतलहरे, सुमन बारले को सदस्य चुना गया। संरक्षक की जिम्मेदारी पार्वती सोनवानी, नीतूरानी बांधे को दी गई है। सभी ने मिलकर समाज उत्थान हेतु कार्य करने का संकल्प लिया।



# एसोसिएशन ने सौंपा चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

## टेट की अनिवार्यता समाप्त हो और क्रमोन्नति का जनरल आदेश जारी हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला महासमुंद के जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी के नेतृत्व में तथा प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान, शोभा सिंह देव, पूर्णानंद मिश्रा, केशव राम साहू, सादराम अजय, लालजी साहू ब्लॉक अध्यक राजेश साहू, विनोद यादव, महेंद्र चौधरी, गजेंद्र नायक, ललित साहू के विशिष्ट उपस्थिति में मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव तथा संचालक के नाम का चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिलाधीश महासमुंद को सौंपा गया।

एसोसिएशन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1 सितंबर 2025 को पारित निर्णय जिसमें 5 वर्ष से अधिक सेवा वाले शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 17 अगस्त 2012 को जारी छत्तीसगढ़ राजपत्र शिक्षक पंचायत संवर्ग भर्ती तथा सेवा की शर्तें नियम 2012 के तहत शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य किया गया है। इसके पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य नही था। सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप/पुनर्विचार याचिका दायर



कर 17 अगस्त 2012 के पूर्व नियुक्त सेवारत शिक्षकों के हितों की रक्षा करने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आवश्यक पहल किया जाए। पूर्व सेवा अवधि की गणना कर समस्त एलबी संवर्ग के लिए पुरानी पेंशन का निर्धारण किया जाए। भारत सरकार की तरह 20 वर्ष की सेवा में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया जाए। सभी अर्हताधारी एलबी संवर्ग के शिक्षकों के लिए उच्च न्यायालय के निर्णय अनुसार क्रमोन्नति/समयमान का जनरल ऑर्डर जारी किया जाए। एसोसिएशन के खिलावन वर्मा, पवन साहू, मनीष अवसरिया, देवेंद्र चंद्राकर, लक्ष्मण दास मानिकपुरी, मोहन लाल साहू, घनश्याम चक्रधारी, गजेंद्र फूटान, कमलेश साहू, चेतन लाल टांडेकर, हितेंद्र साहू, केवल साहू, गोविंद देवांगन, सविता साहू, ख़ेमिन साहू, भारती सोनी, माहेश्वरी साहू, रविशंकर बंछोर, मनीषा सोनी, ईश्वर साहू, लीलेय साहू, लक्ष्मीनाथ सकारिया, महेश ध्रुव ने मांगों के त्वरित निराकरण के लिए शासन से आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है। उक्ताशय की जानकारी जिला सचिव नंदकुमार साहू एवं जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा ने दी।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप सामुदायिक सहभागिता के लिए अभूतपूर्व पीटीएम

## शासकीय हाईस्कूल खट्टा में पालक-शिक्षक बैठक हुई, प्रत्येक पालक-शिक्षक व बच्चे के बीच पारिवारिक माहौल में विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय हाईस्कूल खट्टा अंतर्गत उच्च प्राथमिक विभाग में आयोजित पालक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) ने एक अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसमें 70 प्रतिशत से अधिक पालकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, अधिकांश बच्चों के माता व पिता दोनों उपस्थित होकर अपने बच्चों के शिक्षण योजना में सहभागी हुए। ग्रामीण क्षेत्र में व्यस्तता के बावजूद, पालकों ने अपने काम-धंधे छोड़कर बच्चों की शैक्षिक प्रगति पर चर्चा के लिए समय निकाला। इस पहल की सर्वत्र प्रशंसा हो रही है।

संस्था के प्रधान पाठक ओम नारायण शर्मा ने बताया कि पालकों को आमंत्रण पत्र भेजा गया था, जिसमें प्रत्येक पालक को अलग-अलग समय स्लॉट आवंटित किए गए थे। इस व्यवस्था के कारण पालक अपने बच्चों के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित हुए, जिससे भीड़ नहीं हुई और बेहतर माहौल में खुली चर्चा संभव हो सकी। शिक्षक फिरेंद्र पटेल, घनश्याम कुमार, और लीलाधर कर्ष के सहयोग से बच्चों का तिमाही आकलन कर परीक्षाफल तैयार किया गया था तथा बच्चों से संबंधित सभी सर्वेक्षण व जानकारियां पूर्व से निर्धारित फार्मेट में एकत्रित कर ली थीं। प्रत्येक पालक के लिए 15 मिनट की कार्ययोजना बनाई गई, जिसमें बच्चे की उपस्थिति में शैक्षिक, सामाजिक, व्यावहारिक, पाठ्येत्तर, स्वास्थ्यगत, और




विशेष आवश्यकताओं पर चर्चा हुई। आधार, पेन, जाति, अपार, और बैंक खाता जैसे अभिलेखों का सत्यापन भी किया गया। दो अलग-अलग टेबल्स के माध्यम से प्रत्येक पालक से 15 मिनट की गहन चर्चा कर बच्चों की प्रगति के लिए कार्ययोजना बनाई गई। कुछ बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार के लिए चिकित्सा योजनाएँ भी तैयार की गईं। कार्यक्रम के दौरान 'एक पेड़ मां के नाम" में शामिल बच्चों को शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इसके पूर्व कक्षा छठवीं के लिए इसे प्रायोगिक तौर पर आयोजित किया गया था जिसमें शत-प्रतिशत सफलता मिली थी। अब कक्षा सातवीं और आठवीं के लिए आयोजित किया गया।

जिसमें जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा, सहायक परियोजना समन्वयक संपा बोस सहित जिला की पूरी टीम उपस्थित हुई तथा पूरी प्रक्रिया से अवगत हुए श्री शर्मा ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए जिला के लिए अनुकरणीय बताया। शिक्षकों द्वारा पालकों के साथ व्यक्तिगत चर्चा और स्वास्थ्यगत योजनाओं की इस अनोखी गतिविधि की पालकों ने जमकर सराहना की है। यह पहल बच्चों की शैक्षिक और स्वास्थ्यगत गुणवत्ता बढ़ाने तथा स्कूल-समुदाय के बीच सहयोग को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम का शुभारम्भ ग्राम पंचायत खट्टा के सरपंच राजकमल पटेल द्वारा मां सरस्वती की पूजार्चना से हुआ। इस दौरान सेजेस पटेवा के प्राचार्य समीर प्रधान, प्राचार्य लिकेश साहू, समन्वयक सुरेश साहू आदि उपस्थित रहे। पालकों ने इस बैठक पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, इस चर्चा से हमें अब यह विश्वास हो रहा है कि शासकीय स्कूलों के शिक्षक हमारे बच्चों की चिंता कर रहे हैं। अब हम उनके साथ मिलकर अपने बच्चों के लिए बेहतर भविष्य की योजना बना सकते हैं। यह चर्चा अभूतपूर्व है।

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 18 अक्टूबर 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]




**खबर संक्षेप**

## देशी प्लेन शराब जब्त एक व्यक्ति गिरफ्तार

**महासमुंद।** देशी प्लेन शराब का अवैध परिवहन के मामले में सरायपाली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति एक गेहुंए रंग की स्कूटी में भारी मात्रा में अवैध शराब परिवहन करते सारंगढ़ रोड की ओर से सरायपाली की ओर आ रहा है। मौके पर पहुंचने पर उक्त हुलिए का एक व्यक्ति एक गेहुंए रंग के होंडा एक्टिवा स्कूटी क्रमांक सीजी 06 जीडब्लू 2861 में सारंगढ़ रोड की ओर से सरायपाली की ओर आते दिखा, जिसे रोका गया। पुलिस ने संदेही के वाहन से 24 पौवा रोमियो देशी मदिरा प्लेन शराब 48 पौवा कीमत 3840 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।



## महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद।** तुमगांव थाना अंतर्गत ग्राम चुहरी की एक महिला के साथ मारपीट के मामले में आरोपी पति के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को पूर्णिमा निषाद पित रामेश्वर निषाद ने बताया कि उसके पति उसे छोड़कर अलग रहते हैं और वह अपने दो बच्चों के साथ रहती है। प्रार्थिया ने पुलिस को बताया कि 16 जनवरी करीब 3 बजे उसके पति आए और तीन साल की बच्ची को अपने साथ ले गये, जब उसने ले जाने से मना किया तब आरोपी रामेश्वर निषाद ने उसके साथ गाली गलौच करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया। मामले में आरोपी के विरूदध धारा 296, 115(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# तेरस से होगा दीपपर्व का आगाज, सज गया बाजार, बरसेगा धन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रोशनी का महापर्व दिवाली नगर में अपने पूरे चरम पर है। नगर की सड़कें, बाजार और घर-आंगन, सब दिवाली के रंग में सजकर तैयार हो चुके हैं। इस 6 दिवसीय दीपोत्सव की शुरुआत आज यानी शनिवार को धनतेरस के पावन पर्व से हो रही है।

इस शुभ अवसर पर नगर के बाजार में करोड़ों रुपये के कारोबार होने का अनुमान है, जिसके लिए व्यापारी वर्ग ने अपनी कमर कस ली है। बाजारों में ग्राहकों की भारी भीड़, कारोबार में तेजी देखने को मिल रहा है। धनतेरस के पहले ही नगर के गोलबाजार, नेहरू चौक से बरोंडा चौक तक एवं अन्य प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों में ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़नी शुरू हो गई है। खास तौर पर सराफा, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल और कपड़े की दुकानों पर चहल-पहल देखने लायक है। व्यापारियों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से बाजार में तेजी आई है और धनतेरस के दिन यह चरम पर होगी। अनुमान लगाया जा रहा है कि केवल धनतेरस के दिन ही जिले में करोड़ रुपये से अधिक की खरीदी हो सकती है। लोग सोना-चांदी, नए वाहन, फ्रिज, टीवी, वाशिंग मशीन, रसोई के बर्तन और अन्य उपयोगी सामानों की खरीदारी के लिए उत्सुक हैं। नगर के बाजार में विशेष तैयारियां की गई हैं। लोग खुशी और उल्लास के साथ इस महापर्व को मनाने के लिए तैयार हैं।

## नगर के बाजार में करोड़ों रुपए के कारोबार होने का है अनुमान

### सजावट और पूजन सामग्री की धूम

दीपावली को लेकर घरों और दुकानों की साफ-सफाई, रंग-रोगन और सजावट का काम अंतिम चरण में है। मिट्टी के दीयों, ग्वालिन कलश और रंग-बिरंगी मूर्तियों की दुकानें सज चुकी हैं। स्थानीय दीया एवं मूर्तियों के विक्रेताओं ने बताया है कि मूर्तियां 100 रुपए से लेकर 250 रुपए तक बेचे जा रहे हैं एवं दीयों को 100 रुपए सैकड़ा के हिसाब से बेचा जा रहा है। पूजा सामग्री की भी बिक्री कर रहे हैं। रंगोली के रंग, लाइटों की झालरें और अन्य सजावटी सामानों की भी जबरदस्त मांग है।




### सामान खरीदने का शुभ मुहूर्त

ज्योतिषीय गणना के अनुसार, 18 अक्टूबर को धनतेरस पर कई शुभ मुहूर्त बन रहे हैं। धनतेरस के दिन कोई नया सामान, वाहन या गहने खरीदना चाहते हैं तो इन मुहूर्तों पर खरीदी कर सकते हैं। सुबह का मुहूर्त 7:44 बजे से 9:00 बजे तक हैं, दोपहर का मुहूर्त: 12:05 बजे से 4:16 बजे तक एवं स्थिर लग्न सबसे श्रेष्ठ मुहूर्त 2:21 बजे से 3:52 बजे तक है। इन समयों में की गई खरीदारी से मां लक्ष्मी और भगवान धन्वंतरि की कृपा प्राप्त होती है।


## अनदेखी : ग्रामीणों ने वन विभाग पर लगाया निष्क्रियता का आरोप

# गांव की छत पर चढ़ा भालू, ग्राम तिलईदादर में दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बागबाहरा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम तिलईदादर लमकेनी इन दिनों एक भालू के आतंक से जूझ रहा है। इस संबंध में एक अत्यंत चौंकाने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक भालू गांव के रिहायशी इलाके में एक खप्पर टाइल्स वाले घर की छत पर आराम से टहलता हुआ नजर आ रहा है। भालू के इस तरह खुलेआम घरों के पास घूमने से पूरे गांव में दहशत का माहौल है।

ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग को बार-बार सूचना देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे किसी भी वक्त कोई अप्रिय घटना घट सकती है। वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि



भालू बिना किसी डर के, एक ग्रामीण के घर की छत पर चढ़ा हुआ है।

वह आसपास के माहौल का जायजा ले रहा है, जिससे उसकी निडरता और गांव में उसकी निरंतर उपस्थिति की पुष्टि होती है। यह वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय प्रशासन और वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, यह कोई इकलौती घटना नहीं है, बल्कि यह भालू पिछले कई दिनों से प्रतिदिन गांव में आ रहा है। ग्रामीणों का सबसे बड़ा रोष वन विभाग की कथित उदासीनता पर है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि उन्होंने भालू के रोजाना गांव में आने और उसके खतरे को देखते हुए कई बार वन विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में सूचना दी है।

### मूंगफली की तलाश में घरों में घुस रहा

ग्रामीणों ने बताया कि भालू के गांव में आने का मुख्य कारण मूंगफली की तलाश है। बागबाहरा क्षेत्र में मूंगफली की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है और ग्रामीण अक्सर मूंगफली को सुखाने या भंडारण के लिए घरों में रखते हैं। भालू इसी मूंगफली की तलाश में प्रतिदिन घरों और आसपास के खेतों में घूमता है। बताया जा रहा है कि यह जंगली जानवर कई घरों में घुसकर रखी हुई मूंगफली को खाकर या बिखेरकर चला जाता है, जिससे ग्रामीणों का आर्थिक नुकसान भी हो रहा है।

### दहशत का माहौल, घरों में कैद हुए लोग

भालू आमतौर पर रात के समय अधिक सक्रिय होता है और घरों तथा बाड़ों के आसपास खाने की तलाश में घूमता है। इस वजह से तिलईदादर के ग्रामीणों, विशेषकर बच्चों और महिलाओं में अत्यधिक दहशत व्याप्त है। लोग अंधेरा होने के बाद घरों से बाहर निकलने से भी डर रहे हैं, जिसके कारण उनकी सामान्य गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। ग्रामीण दहशत में जी रहे हैं कि कहीं भालू किसी पर हमला न कर दे।

### तत्काल गश्त और पकड़ने की मांग

इस गंभीर स्थिति को देखते हुए, तिलईदादर के ग्रामीणों ने वन विभाग और जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनकी मांग है कि विभाग क्षेत्र में अपनी गश्त तत्काल बढ़ाए, ताकि भालू को रिहायशी इलाके में आने से रोका जा सके। इसके अलावा, ग्रामीणों ने यह भी मांग की है कि भालू को सुरक्षित रूप से पकड़ने के लिए आवश्यक व्यवस्था की जाए और उसे किसी सुरक्षित जंगल क्षेत्र में छोड़ा जाए।

## दीपावली त्योहार को लेकर बैठक, 21 को लक्ष्मी पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय कुलदेवी मां महामाया माता मंदिर प्रांगण में दीपावली त्यौहार मनाने की संबंध में नगर पुरोहित पंकज तिवारी की उपस्थिति में बैठक हुई। जिसमें नारायण दास महाराज, त्रिभुवन महाराज, रोशन शर्मा, आशीष शर्मा, राजेश, सुरेंद्र दास महाराज,चंद्रबदन मिश्रा एवं अन्य महाराजगण,विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन चंद्राकर, स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह राजेश डड़सेना एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक में लक्ष्मी पूजा की तिथि इत्यादि के संबंध में सार्थक चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। लक्ष्मी पूजन का वास्तविक तिथि शुभ मुहूर्त 21 अक्टूबर मंगलवार को सूर्योदय से संपूर्ण रात्रि तक है। 20 अक्टूबर 2025 को अमावस्या तिथि आवश्यक है, किंतु, माता लक्ष्मी पूजा के लिए यह मुहूर्त अनुकूल नहीं है। इसलिए वैदिक शास्त्र अनुसार 21 अक्टूबर मंगलवार का लक्ष्मी पूजन का योग अत्यधिक शुभ फलदायी है और इस दिन भौमवती अमावस्या होने से यह तिथि अधिक फलदाई के साथ दरिद्रता निवारण एवं सर्व सौभाग्य लक्ष्मी प्राप्तिकारक है, जिससे इस दिन संपूर्ण दिन एवं संपूर्ण रात्रि में लक्ष्मी पूजन का शुभ ही शुभ योग बन रहा है। स्थानीय सूर्य उदय के आधार पर नगर के पुरोहितों ने बैठक में 18 अक्टूबर को धनतेरस, 19 अक्टूबर को चतुर्दशी दीपदान, 20 अक्टूबर को रूप चतुर्दशी, 21अक्टूबर लक्ष्मी पूजा, 22 अक्टूबर गोवर्धन पूजा और 23 अक्टूबर को भाई दूज वैदिक शास्त्र अनुसार शुभ फलदायी बताया है।

### सार्वजनिक काली पूजन उत्सव 20 से

**महासमुंद।** नगर में बंग समाज के तत्वावधान में नगर के सिटी स्पोर्ट क्लब में 20 से 22 अक्टूबर तक सार्वजनिक काली पूजन कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके लिए समिति का गठन किया गया। इस दौरान 20 अक्टूबर को प्रतिमा स्थापना, काली पूजा, 21 को दर्शनार्थ और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा।

## बैंकों में नगदी संकट, कैश की कमी से बढ़ा रहा इंतज़ार

# त्योहारी सीजन में ग्राहकों की लग रही लंबी कतारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर में इन दिनों त्योहारी सीजन के कारण बैंकों में पैसे निकालने वालों की भारी भीड़ उमड़ रही है। दीपावली, छठ और अन्य पर्वों के नजदीक आते ही लोगों में खरीददारी और जरूरी खर्चों के लिए नगदी जुटाने की होड़ मची हुई है। परिणाम स्वरूप, शहर के लगभग सभी सरकारी और निजी बैंकों के बाहर ग्राहकों की लंबी लाइनें देखी जा सकती हैं, जिससे आम जनता को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति की गंभीरता तब और बढ़ जाती है जब कई निजी बैंकों और कुछ सहकारी बैंकों में नकदी की कमी की खबरें सामने आ रही हैं। त्योहारी मांग में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है, जिसके अनुपात में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया या संबंधित करेंसी चेस्ट से कैश की सप्लाई नहीं हो पा रही है। खासकर छोटे निजी बैंकों में यह समस्या ज्यादा विकराल है, जहां ग्राहकों को सीमित मात्रा में ही पैसे दिए जा रहे हैं या कई बार कैश नहीं है, कहकर उन्हें लौटा दिया जा रहा है।



### लंच ब्रेक के बाद बताया कैश कम है बैंक में

शहर के स्थित एक निजी बैंक के बाहर घंटों से इंतज़ार कर रहे एक ग्राहक महेश साहू ने बताया, सुबह से लाइन में लगा हूं। पहले बोले कि लंच ब्रेक है, अब बोल रहे हैं कि कैश कम है, सिर्फ दस हजार ही मिलेंगे। त्योहार में घर के लिए सामान खरीदना है और बच्चों को कपड़े लेने हैं, इतने से क्या होगा। कई ग्राहक सुबह बैंक खुलने से पहले ही कतार में लग जाते हैं, ताकि उन्हें जल्द से जल्द नकदी मिल सके। पिछले कुछ दिनों से नकदी निकासी की दर जमा दर से काफी अधिक है, जिससे खासकर छोटे और निजी बैंकों के सामने कैश प्रबंधन की चुनौती आ गई है।

### सुबह से शाम तक कतार, घंटों हो रहा इंतजार

बैंकों में यह लंबी कतारें सुबह बैंक खुलने से पहले ही शुरू हो जाती हैं और शाम को बैंक बंद होने तक बनी रहती हैं। कई बुजुर्ग, महिलाएं और छोटे व्यापारी घंटों खड़े रहने को मजबूर हैं। बैंक कर्मचारी भी बढ़ी हुई भीड़ और कैश की सीमित उपलब्धता के कारण तनाव में दिखाई दे रहे हैं। कुछ बैंकों के बाहर सुरक्षाकर्मियों को भीड़ नियंत्रित करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।

### एटीएम भी खाली

बैंकों के साथ-साथ शहर के कई एटीएम भी खाली पड़े हैं। त्योहारी सीजन में त्वरित नकदी निकासी के लिए एटीएम पर निर्भर रहने वाले लोगों को भी निराशा हाथ लग रही है। देर शाम और रात के समय अधिकतर एटीएम में नो कैश मिल रहा है, जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ गई है।

### बढ़ी हुई मांग ने बिगाड़ी व्यवस्था

दीपावली जैसे बड़े त्योहारों के कारण बाजार में खरीदारी चरम पर है। लोग जमकर कपड़े, गहने, घर का सामान और अन्य चीजें खरीद रहे हैं। ऐसे में, रोजमर्रा के खर्चों और खरीदारी के लिए पैसे निकालने वाले ग्राहकों की संख्या में अचानक कई गुना वृद्धि हुई है। जहां एक ओर सरकारी बैंकों में भीड़ का मुख्य कारण त्योहारी खरीदारी है, वहीं कई निजी बैंकों में नकदी की आपूर्ति सामान्य मांग की तुलना में कम हो गई है। बैंकों के अंदर और बाहर दोनों जगह लोगों की लंबी लाइनें दिख रही हैं।

## नगर में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक सुआ नृत्य की अनुपम छटा, बन रहा उत्साह का माहौल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति की पहचान, पारंपरिक सुआ नृत्य ने इन दिनों नगर में अपनी मनमोहक छटा बिखेर रखी है। दीपावली पर्व के आसपास यह नृत्य यहाँ के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में उत्साह का माहौल बना रहा है। युवतियों के समूह द्वारा प्रस्तुत यह नृत्य, यहां की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत कर रहा है और आधुनिकता की दौड़ में भी परंपराओं को सहेजने का सराहनीय प्रयास दिख रहा है। सुआ नृत्य तोते का नृत्य मुख्य रूप से कुमारी कन्याओं द्वारा समूह में किया जाता है। इसकी शुरुआत शारदीय नवरात्रि या शरद पूर्णिमा से होती है और यह भाईदूज तक चलता है। नृत्य करने वाली टोलियां घर-घर जाकर सुआ गीत गाती हैं और नृत्य करती हैं, जिससे पूरे नगर में आनंद और उत्साह का वातावरण बन जाता है। दीपावली पर्व के आगमन के साथ ही पूरे नगर और अंचल में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति का प्रमुख हिस्सा, सुआ नृत्य की धूम मची हुई है। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजी बालिकाओं की टोलियां घर-घर पहुंचकर इस मनमोहक लोक नृत्य का प्रदर्शन कर रही हैं, जिससे पूरे वातावरण में उत्सव का संचार हो गया है। घर-घर हो रही सुआ नर्तक दलों की ये प्रस्तुतियां न केवल लोगों को आशीर्वाद दे रही हैं, बल्कि हमारी गौरवशाली पारंपरिक विरासत को सहेजने और उसे नई पीढ़ी तक पहुंचाने का भी कार्य कर रही हैं। लोगों द्वारा इन टोलियों का स्वागत अनाज और उपहारों से किया जा रहा है, जो आपसी सद्भाव और संस्कृति के प्रति उनके लगाव को दर्शाता है।

### नृत्य की प्रस्तुति

इस नृत्य की सबसे बड़ी विशेषता इसके केंद्र में रखी मिट्टी की सुआ तोते की प्रतिमा है। बांस की टोकरी में धान भरकर, उस पर मिट्टी के सुआ की प्रतिमा रखती हैं, जिसे नए हरे कपड़े और धान की नव मंजरियों से सजाया जाता है। लोक मान्यता के अनुसार, यह सुआ की जोड़ी शिव और पार्वती के प्रतीक होते हैं। नृत्य करने वाली इस टोकरी के चारों ओर गोलाकार खड़ी होकर, तालियां बजाते हुए, सुआ गीत गाती हैं और नृत्य करती हैं।

### गीतों में विरह और जीवन की अभिव्यक्ति

सुआ गीत सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं हैं, बल्कि ये मन की भावनाओं, सुख-दुख, प्रेम, और विरह की अभिव्यक्ति का माध्यम हैं। गीतों में तोते के माध्यम से संदेश भेजती हैं। ये गीत अक्सर मार्मिक होते हैं, जो छत्तीसगढ़ की सादगी भरी जीवनशैली और प्रकृति से गहरे जुड़ाव को दर्शाते हैं। पारंपरिक बोल जैसे तरी हरी नहा नरी नहा नरी ना ना रे सुअना के साथ शुरू होने वाले ये गीत, पीढ़ी दर पीढ़ी मौखिक रूप से आगे बढ़ रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### नगर पालिका में सेवानिवृत्त कर्मचारियों का हुआ सम्मान

**महासमुंद।** नगर पालिका परिषद में सेवानिवृत्त होने पर अन्नपूर्णा पाल सहायक ग्रेड 2, ईश्वर दीवान चौकीदार सहित 2 सफाई कर्मचारी लालचंद सेंद्रे एवं माया बाई का नगर पालिका अध्यक्ष कक्ष में सम्मान किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे, लेखापाल यशवंत देवांगन, स्थापना प्रभारी करण कुमार यादव, स्वच्छता प्रभारी दिलीप चंद्राकर, वाहन प्रभारी सुरेश तिवारी, जल प्रभारी दुर्गेश कुंजेकार, राजस्व विभाग के गुमान सिंह ध्रुव, स्वच्छ भारत मिशन के नौशाद बक्श सहित बड़ी संख्या में पालिका के कर्मचारी उपस्थित थे। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू व मुख्य नगरपालिका अधिकारी अशोक सलामे ने सराहनीय कार्य के लिए सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए कहा कि नगर पालिका में उनका योगदान सदैव यादगार रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में सेवानिवृत्ति एक नियत प्रक्रिया है, लेकिन नगर पालिका में कार्यनिष्ठा, सेवा भावना और सौम्य स्वभाव वाले कर्मचारी देखने को मिलते हैं। इनका योगदान नगर में स्मरणीय रहता है।

### नशामुक्ति कार्यशाला का आयोजन शासकीय उमावि भोरिंग और अछोला में हुआ



**महासमुंद।** नशामुक्त भारत अभियान के तहत गायत्री परिवार महासमुंद द्वारा शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भोरिंग एवं अछोला में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें पावर पॉइंट के माध्यम से विद्यार्थियों को गुटका, सिगरेट शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों से होने वाले दुष्परिणाम से अवगत कराते हुए सभी उपस्थित बच्चों को नशा से दूर रहने तथा स्वस्थ व सभ्य समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प दिलाया गया। युवा प्रकोष्ठ प्रमुख भारत साहू एवं नरेश साहू ने बच्चों को उनके व्यक्तित्व विकास कैसे करें, परीक्षा में अधिक अंक कैसे प्राप्त करें, जीवन जीने की कला आदि विषयों पर जानकारी देते हुए नशा से बचने तथा अपने समय एवं धन का सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया। अंत में सभी बच्चों ने नशा न करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य लोकनाथ दीवान, डी आर साहू एवं स्टाफ के सदस्य भुनेश्वरी शुक्ला, कमलेश्वरी साहू, पुष्पा साहू, दीप्ति वर्मा, उमेद साहू, जीवन साहू, संतोष यादव, रामनारायण साहू एवं सभी शिक्षक उपस्थित थे। इसके अलावा गायत्री प्रज्ञा पीठ अछोला से बिसौहा साहू, तथा अन्य परिजन, महासमुंद से जिला समन्वयक बोधराम साहू, राधेश्याम चंद्राकर आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में बिसौहा राम साहू का

# नर्रा स्कूल में सांपों एवं अंधविश्वास निर्मूलन जागरुकता कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बोइरगांव (कोमाखान)

शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नर्रा में कसेकेरा विज्ञान आश्रम के संचालक एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के अध्यक्ष विश्वास मेश्राम सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर एवं प्रधान पाठक डा विजय शर्मा द्वारा अंधविश्वास निर्मूलन एवं सांपों के बारे में जागरूकता पर व्याख्यान दिए गए।

मेश्राम ने बताया कि सांपों की सिर्फ चार प्रजाति ही जहरीली होती है। ज्यादातर सांप विषहीन होते हैं। छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ भर में जारी जागरूकता अभियान के अंतर्गत महासमुंद जिले में जोंक नदी के तट पर स्थित नर्रा स्कूल के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सर्पदंश से जान बचाव अभियान से जोड़ने के लिए उक्त तथ्यों से अवगत कराया गया। छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के अध्यक्ष तथा प्रशिक्षक, रिटायर्ड अपर कलेक्टर विश्वास मेश्राम ने बताया कि इन चारों प्रजातियों में नाग-एक चश्मिय और दो चश्मिय, करैत प्रजाति में सामान्य करेत और बैंडेड करैत, वाइपर प्रजाति में रसेल वाइपर, सा स्केल्ड वाइपर और ग्रीन पिट वाइपर और आख़िरी प्रजाति किंग कोबरा है। इन सभी में हमारे प्रदेश में सबसे अधिक मौतें ₹सामान्य करेत₹ सांप के काटने से होती हैं। सामान्य करैत सांप ज्यादा बड़ा नहीं होता बल्कि छोटा लगभग 70 से 90 सेंटीमीटर तक लंबा होता है। उन्होंने अपने डिजिटल प्रेजेंटेशन के दौरान शिक्षकों को चारों प्रजातियों के सांपों के चित्र दिखाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सांप उन्हें खतरा महसूस होने पर काटता है। हमें करैत सांप के काटने से बचने के लिए जमीन पर नहीं



सोना चाहिए। मच्छरदानी का उपयोग करना आवश्यक है। इसके अलावा हमें शाम को चूल्हा जलाने के लिए लकड़ी अथवा छेना लाते समय भी सावधानी रखना चाहिए। रात को यदि हम अंधेरे में बाहर जा रहे हैं तो जूते पहने, टॉर्च जला कर चलें और किसी डंडे को रास्ते में पटकते हुए चले। डंडे को पटकने से हुए वाईब्रेशन को महसूस कर सभी सांप हमसे दूर चले जाते हैं। नाग सांप के बारे में उन्होंने जानकारी दी कि यदि हम इसके नजदीक जाते हैं तो यह फुंफकार कर आपको सचेत करता है। यदि हम असावधानी वश इस पर पैर रख दें तो यह उसे अपने पर हमला लगता है और वह इसके कारण आपको काट भी सकता है। रसेल वाइपर सांप के बारे में उन्होंने बताया कि यह धान काटने के बाद डोली में रखे करपा में आए चूहों को खाने के लिए आता हैं। करपा उठाते समय हमारे किसान और विद्यार्थी अक्सर इनके सर्पदंश के शिकार हो जाते हैं। चौथी प्रजाति के किंग कोबरा सांप के बारे में उन्होंने बताया कि यह घने जंगलों में देखा जाता है और छत्तीसगढ़ में कोरबा और जशपुर जिलों में इसकी उपस्थिति के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि विद्यार्थियों और बड़े लोगों को भी नीचे जमीन पर सोने से बचना चाहिए। मच्छरदानी लगा कर सोने से हम बहुतों की जान बचा सकते हैं। उन्होंने सांपों से जुड़े अंधविश्वासों का खंडन करते हुए बताया कि कोई भी सांप दूध नहीं पीते। सांपों के पास कोई मणि नहीं होते। सर्पदंश होने पर हमें 108 को फोन कर या किसी सवारी वाहन से प्रभावित व्यक्ति को शासकीय हॉस्पिटल ले जाना चाहिए। जहां एंटी वेनम इंजेक्शन उपलब्ध हो। इस प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों के सवालों के जवाब भी दिए। प्रशिक्षण को देवरी हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य सुबोध तिवारी ने जैव विविधता संरक्षण के लिए कार्यशाला, पक्षियों की पहचान एवं विभिन्न प्रजातियों की गणना के लिए परियोजना कार्य के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर मिडिल स्कूल कसेकेरा के प्रधान अध्यापक डॉ. विजय शर्मा ने अंधविश्वास उन्मूलन के लिए जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया। विद्यालय के शिक्षक सुखराम चंद्राकर, भारत सिंह विभार, अनिल साहू, रेणु साहू आदि मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय के विजेता खिलाड़ी राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप रायपुर में होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

25 वीं राज्य स्तरीय जूनियर तीरंदाजी चैंपियनशिप 2025-26 का आयोजन छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन, खेल एवं युवा कल्याण तथा जिला तीरंदाजी संघ, बागबाहरा महासमुंद के तत्वावधान में दिनांक 16 अक्टूबर को मिनी स्टेडियम सुनसुनिया बागबाहरा जिला महासमुंद में आयोजित किया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका के बताए अनुसार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के सम्पूर्ण मापदंडों का पालन किया गया। खिलाड़ियों में आत्मविश्वास की दृढ़ता आयी। जिले के खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, जिला तीरंदाजी संघ महासमुंद अध्यक्ष डॉ. विकास अग्रवाल, सचिव एवन कुमार साहू, अरविंद छाबड़ा, पूनेंद्र चंद्राकर, सोमनाथ साहू, रिंकल बग्गा, मुकेश वेगड़, संजय पटेल एवं सदस्यगण द्वारा आयोजन को भव्य रूप से आयोजित किया गया।

जिला एवं प्रदेश तीरंदाजी संघ एवं खेल एवं युवा कल्याण ने भारतीय परंपरा अनुसार सितंबर 2025 में आयोजित विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप दक्षिण कोरिया में 02 पदक जीतने पर छत्तीसगढ़ के टोमन कुमार का आरती उतार व अक्षत-तिलक लगाकर स्वागत किया गया। अपने उद्बोधन में पदक विजेता टोमन ने बताया कि तीरंदाजी खेल में शारीरिक श्रम से ज्यादा मानसिक एकाग्रता की आवश्यकता होती है। गुरु (प्रशिक्षक) के मार्गदर्शन बिना विश्व की कोई भी विद्या अपेक्षा अनुरूप परिणाम नहीं दे सकती, उसी तरह तीरंदाजी में भी प्रशिक्षक के बताए मार्ग पर चलकर ही एक सफल तीरंदाज बना जा सकता है। खेल भावना, अनुशासन और आपसी सहयोग से आपके अंदर की खेल प्रतिभा और भी ज्यादा निखरती है।

महासमुंद जिले से खेलों इंडिया तीरंदाजी सेंटर भोरिंग से डोमेश्वरी, दुर्गेश्वरी साहू, नीलम साहू, सारोन, अबीर पांडे, भास्कर, गजेन्द्र, पीयूष, जयंत ठाकुर, उमेश बरिहा एवं जिला तीरंदाजी संघ से जया साहू, सत्यभामा साहू, ओम प्रकाश, लक्ष्मण, टुकेश, लोकेश, चांदनी साहू, तृषा प्रजापति, जया पहाटिया, पद्मा साहू ने भागीदारी किया। राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में तीरंदाजी के तीनों विधाओं इंडियन राउंड, रिकर्व राउंड एवं कंपाउंड राउंड को शामिल किया गया, जिसमें प्रदेश भर से 17 जिलों से 27 टीम जिसमें बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, दंतेवाड़ा, जशपुर, बालोद, खैरागढ़, राजनांदगांव, शक्ति, कोरबा, बीजापुर, सरगुजा, जगदलपुर, गरियाबंद, कोंडागांव, रायगढ़, महासमुंद जिले एवं खेलो इंडिया सेंटर, साईं सेंटर के जूनियर बालक एवं बालिका कुल 240 तीरंदाज व 55 कोच मैनेजर शामिल हुए। महासमुंद जिले के खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर मिला, जिसमें खेलों इंडिया तीरंदाजी सेंटर एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग महासमुंद एवं बॉल आश्रम बिहाझर बागबाहरा के खिलाड़ी शामिल हुए। राज्य स्तरीय तीरंदाजी चैंपियनशिप बागबाहरा के उद्घाटन समारोह के अवसर पर अतिथि में वर्ल्ड चैंपियनशिप साऊथ कोरिया में 02 पदक विजेता पैरा तीरंदाजी खिलाड़ी टोमन कुमार, अलका नरेश चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष, सविता दीवान, अजय कुमार सिंहा, पुष्पेंद्र चंद्राकर, भोपाल सिंह बंजारा, अविनेश कोसे, चंद्रकांत सेन जिले से आए प्रशिक्षक शामिल रहे। समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण समारोह में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बागबाहरा खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल, उपाध्यक्ष देवेश साहू, प्रेम साहू, मंता यादव, महेंद्र गुप्ता, थानूराम आदि अतिथि शामिल रहे। राज्य स्तरीय के सभी विजेता खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता जो कि रायपुर में आयोजित होगा उसमें छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे, जिसमें बालक वर्ग इंडियन राउंड में विक्रम राज शिवतराई बिलासपुर ने 661 अंकों के साथ प्रथम स्थान, प्रियांशु मरकाम बिलासपुर ने द्वितीय, कुबेर सिंह बिलासपुर ने तृतीय एवं कमलेश साहू खेलों इंडिया सेंटर बिलासपुर ने चौथा स्थान प्राप्त किया, रिकर्व राउंड में गीतेश यादव कोरबा ने 659 अंकों के साथ प्रथम स्थान, श्रेयांश वर्मा बालोद ने द्वितीय स्थान, तरुण जांगड़े भारतीय खेल प्राधिकरण रायपुर ने तृतीय स्थान एवं आकाश राज खेलों इंडिया सेंटर बिलासपुर ने चौथा स्थान प्राप्त किया, कंपाउंड राउंड में रुस्तम राजनांदगांव ने 677 अंकों के साथ प्रथम स्थान, आर्यन कोंडागांव ने द्वितीय स्थान, निशांत पटेल खेलों इंडिया सेंटर बिलासपुर ने तृतीय एवं नीतिश बिलासपुर ने चौथा स्थान प्राप्त किया।

### मचेवा के गोंड समाज के इष्ट पेन शक्ति सल्ला-गांगरा की प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक



**महासमुंद।** गुरुवार को ग्राम पंचायत मचेवा में आदिवासी ध्रुव गोंड समाज ने अपनी संस्कृति, परंपरा को संरक्षित रखने व भावी पीढ़ी को अपनी इन पारंपरिक धरोहरों को जीवंत बनाए रखने के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों में जागरुकता लाने के उद्देश्य से समस्त ध्रुव गोंड समाज 52 गढ़ बम्हनी परिक्षेत्र के समाजजन एकत्रित होकर विधिवत इष्ट देव बूढ़ादेव की पूजन वंदन पश्चात पेन शक्ति सल्ला-गांगरा की प्रतिमा स्थापित की। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा रहें। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कमलेश ध्रुव अध्यक्ष केंद्रीय गोंडवाना गोंड महासभा धमधागढ़, विशेष अतिथि ऐतराम साहू भाजपा जिलाध्यक्ष, भीखम सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत व जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज जिला महासमुंद, सरजू कुंजाम की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा सहित अन्य अतिथियों ने विधिवत इष्ट देव बूढ़ादेव की पूजन वंदन की। विधायक सिन्हा ने इस अवसर पर सभी समाजजनों को सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही उपस्थित सभी लोगों को दीपावली की अग्रिम बधाई भी दी। इस अवसर पर मनराखन ठाकुर जिलाध्यक्ष ध्रुव गोंड समाज 52 गढ़ जिला महासमुंद, भाजपा नेता पवन पटेल, संदीप घोष, महेंद्र साहू जनपद सदस्य, प्रमिला ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत मचेवा, रूपा ध्रुव, सनकादिक ध्रुव अध्यक्ष बकमा परिक्षेत्र, पंकज चंद्राकर अध्यक्ष जिला एथलेटिक संघ, शरद मराठा, राजू चंद्राकर, ओमप्रकाश ध्रुव सहित गोंड समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सशिमं बागबाहरा के खिलाड़ियों का अखिल भारतीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बागबाहरा के भैयाओं ने विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित क्षेत्रीय स्तर (छत्तीसगढ़, मध्यभारत, महा कौशल एवं मालवा) की अंडर-19 कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही विद्यालय की टीम का चयन अखिल भारतीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह अखिल भारतीय प्रतियोगिता 13 से 17 नवंबर 2025 तक बैतूल (मध्यप्रदेश) में आयोजित होगी, जिसमें यह टीम छत्तीसगढ़ प्रांत का नेतृत्व करेगी। विदित हो कि विद्या भारती द्वारा आयोजित यह वार्षिक खेलकूद समारोह भारत सरकार के अधीन खेलकूद गतिविधियों में शामिल है। प्रतियोगिता में संरक्षक के रूप में अनिमेश शर्मा साथ रहे। चयनित खिलाड़ियों को विद्यालय प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार सहित संचालन समिति के उपाध्यक्ष श्रद्धा चंद्राकर, कोषाध्यक्ष रामजी तिवारी, सचिव एवं व्यवस्थापक राहुल अग्रवाल, सहसचिव जोगेंद्र सिंह, सदस्यगण अनिल पुरोहित, लालचंद जैन, नरेश जैन, घनश्याम सोनी, महेश चंद्राकर, मानिकलाल साहू, राही शर्मा, केशव चंद्राकर, प्रीतम सिंह दीवान, मनीष श्रीश्रीमाल, संजय अग्रवाल, कार्यालय प्रमुख कौशलचंद्र साहू, खेल प्रमुख गोपाल सोनवानी एवं समस्त आचार्यों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। विजेता खिलाड़ी ओमप्रकाश ठाकुर, ओम ठाकुर, दीपक साहू, प्रियांशु साहू, भूपेंद्र, डिकेश, तुषार साहू, दीपक ओग्रे, सिद्धार्थ चंद्राकर, सुनील बांधे।

## युक्तियुक्तकरण आदेश में अब तक नहीं हुआ सुधार, पालक जनप्रतिनिधि चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय प्राथमिक शाला अछरीडीह का शासकीय उच्च प्राथमिक शाला अछरीडीह में युक्तियुक्तकरण का आदेश प्रसारित हुआ था, जबकि दोनों शाला के बीच की दूरी लगभग 1.5 है तथा नजदीक का स्कूल छुटा हुआ था। जनभागीदारी अध्यक्ष राकेश जांगड़े ने बताया कि सरपंच आसकरण सोनवानी सहित जनभागीदारी सदस्यों व पालकों ने तत्काल आपत्ति किया गया तथा विकास खंड एवं जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद के साथ-साथ कलेक्टर महासमुंद में भी त्रुटी सुधार हेतु आवेदन किया गया था।

उच्च कार्यालय से ज्ञात हुआ कि आदेश में त्रुटि हुई है तथा त्रुटी सुधार हेतु जिला शिक्षा कार्यालय महासमुंद द्वारा लोक शिक्षण कार्यालय एवं शिक्षा संभाग कार्यालय रायपुर को पत्र लिखा जा चुका है। राकेश जांगड़े ने कहा कि शिक्षण सत्र चार माह हो गया है अभी तक त्रुटि सुधार आदेश नहीं हुआ जिससे समस्त पालकों जनप्रतिनिधियों में असमंजस की स्थिति है तथा बच्चों की भविष्य को लेकर चिंतित हैं क्योंकि दोनों स्कूल के बीच लगभग 1.5 कि मी दूरी पर स्थित है पहुंच रास्ता भी बहुत खराब है। अधिकतर बच्चे गरीब परिवार और अनुसूचित वर्ग से आते हैं। कुंजलाल सोनवानी, जयलाल बंजारे, संतराम बंजारे, संतोष पुरेना, केशो निषाद, तारेण वंशे, राजू ठाकुर, भगवती साहू ग्रामीणों ने यथाशीघ्र त्रुटि सुधार आदेश की मांग की है। मांग पूरा नहीं होने पर शिक्षा सचिव सहित शिक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री को पत्र लिखा जाएगा।

# पिथौरा में गौवंशों के गले में बांधी गई रेडियम पट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर आवारा गौवंशों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाने के लिए एक सराहनीय पहल की गई है। छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के जिला सदस्य राजेश चौधरी और गीतेश पंडा के नेतृत्व में पिथौरा नगर के गौवंशों के गले में रेडियम पट्टी बांधी गई है।



रात के समय राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण गौवंशों के साथ सड़क हादसे होना एक गंभीर समस्या रही है, जिससे पशुओं और वाहन चालकों दोनों को खतरा होता है। इस समस्या को देखते हुए गौ सेवा आयोग की टीम ने यह अभिनव कदम उठाया। रेडियम पट्टी रात के अंधेरे में दूर से ही चमकती है, जिससे वाहन चालकों को सड़क पर मौजूद गौवंशों की उपस्थिति का आसानी से पता चल जाता है। इससे वे समय रहते अपनी गाड़ी की गति को नियंत्रित कर सकते हैं और संभावित दुर्घटनाओं को टाल सकते हैं। जिला सदस्य राजेश चौधरी और गीतेश पंडा ने बताया कि गौवंशों की सुरक्षा सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। नगर में गौवंशों को सुरक्षित रखने के इस प्रयास की सराहना की जा रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह पहल राष्ट्रीय राजमार्ग पर गौवंशों की सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने में सहायक होगी। इस कार्य में सौरभ अग्रवाल, डॉ डीएन पटेल, गोपाल भोई, विष्णुराम साहू, सुरेश मलिक, हंसराज निषाद, डॉ. विपिन, अविनाश, भागीरथी भोई, राजूराम, भेखुराम सिन्हा और रतन सिदार का सराहनीय भूमिका रहा।



### आंगनबाड़ी केंद्र में सुपोषण चौपाल का आयोजन

**बागबाहरा।** पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत 16 अक्टूबर वाड क्रमांक 3 व 4 वार्ड के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा सुपोषण चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें बिंदिया यादव की बेटी राधिका यादव का अन्नप्राशन किया गया। इसके अंतर्गत सुपोषण बेटी बनाया गया। जिसके महत्व के बारे में हितग्राहियों को जानकारी दी गई। एक माह पोषण पखवाड़ा चल रहा था, उसके बारे में हितग्राही को जानकारी दी गई। साथ ही महिला बाल विकास में चलाए जाने वाले कार्यक्रम व योजना के बारे में वार्ड की कार्यकर्ता जया ठाकुर व बेना राव द्वारा हितग्राहियों को जानकारी दी गई। साथ ही पोषण पखवाड़ा का समापन किया गया।

### खल्लारी जोन में जोन स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री द्वारा वीसी के माध्यम से दिए निर्देश के परिपालन में एवं कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार खल्लारी जोन में जोन स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विकासखंड बागबाहरा के अंतर्गत आने वाले सात संकुलों के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के संस्था प्रमुखों ने सहभागिता की। बैठक में जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा ने प्रमाण पत्र एवं अपार आईडी निर्माण कार्य को विद्यार्थियों की शैक्षणिक पहचान और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए निर्देश दिए कि जिन विद्यार्थियों के प्रकरण अभी लंबित हैं, उन्हें तत्काल पूरा कर ऑनलाइन पोर्टल पर अद्यतन किया जाए। बैठक में एपीसी संपा बोस, बीआरसी भूपेश्वरी साहू, प्रियंका पटेल, संजय पटेल, प्राचार्य खल्लारी सविता चंद्राकर, संकुल समन्वयक आर.डी. यादव, मेघराज साहू, देव सिन्हा, परमानंद निर्मलकर, देवेंद्र चंद्राकर, विजय साहू सहित सभी संस्था प्रमुख एवं शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी संस्था प्रमुख अपने विद्यालयों में जाति–अपार आईडी निर्माण कार्य, परीक्षा परिणाम सुधार एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रसार हेतु निरंतर कार्यरत रहेंगे ताकि विकासखंड बागबाहरा को जिले में आदर्श मॉडल ब्लॉक के रूप में स्थापित किया जा सके।



### नांदगांव स्कूल में पालकों ने पढ़ाई के स्तर में सुधार के लिए दिए सुझाव

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला नांदगांव में शुक्रवार को त्रैमासिक परीक्षा के पश्चात पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पालकों को बच्चों के स्तर अनुरूप पढ़ाई, लेखन कौशल तथा संज्ञानात्मक तथा सह संज्ञानात्मक क्षेत्र के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों की पढ़ाई के स्तर से पालकों को अवगत कराना तथा विद्यालय में शिक्षा गुणवत्ता का आंकलन कर सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा मिलता रहे। पालकों ने बच्चों की पढ़ाई के स्तर में सुधार के लिए सुझाव प्रस्तुत किया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सोमनाथ पटेल, प्रधान पाठक शीला चंद्राकर, शिक्षकगण अजय कुमार बंजारे, कमलेश कुमार पटेल, पोखनलाल चंद्राकर, लक्ष्मी साहू, विनेशकुमार पांडे, सदस्य व पालकगण उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130







## खबर संक्षेप

### छात्राओं ने सीखा मिठाई बनाना

**महासमुंद।** शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के गृह विज्ञान संकाय की छात्राओं ने व्याख्याता तपस्या शर्मा के मार्गदर्शन में गुलाब जामुन, खाजा और नारियल की बर्फी बनाना सीखा। प्राचार्य जीआर सिन्हा ने विद्यार्थियों की पाक कला की प्रशंसा की। व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी ने कहा कि त्यौहारों में मिलावटी मिठाईयां खाने से अच्छा है कि छात्राएं अपने घरों में भी परंपरागत मिठाइयां बनाएं।

### धनोरा के पंचों ने आरोपों को बताया गलत

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम धनोरा के पंचों ने सरपंच और सचिव पर लगाए आरोपों को गलत बताया है। पंच सुशीला ठाकुर, लेखराम, जंतरी दीवान, देवसरी दीवान, फुलकुंवर, रजनी और जगदीश ध्रुव बताया कि ग्राम पंचायत धनोरा के उपसरपंच रामकुमार पटेल एवं पंच लक्ष्मीलाल पटेल व राजू पटेल द्वारा सरपंच एवं सचिव के ऊपर जन्म मृत्यु, राशन कार्ड के लिए 500 और 1000 लेने का जो आरोप लगाया गया है, वह पूरी तरह गलत है। इन 7 पंचों का कहना है कि हम लिखित रूप से प्रमाणित करते हैं कि सरपंच एवं सचिव को बदनाम करने के लिए झूठा आरोप लगाया गया है, जबकि सरपंच एवं सचिव द्वारा बार-बार कहा जाता है कि पंचायत से संबंधित कोई भी कागजात बनाने के लिए किसी को भी कोई पैसा नहीं देना है।

# सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी पर सर्व आदिवासी समाज ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा(ग्रामीण)

लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी के विरोध में पिथौरा का सर्व आदिवासी समाज भी आंदोलित हो गया है। समाज के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को कलेक्टर को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर विरोध दर्ज कराया और वांगचुक की तत्काल रिहाई की मांग की।

ज्ञापन सौंपने के बाद गोड़ समाज के जिलाध्यक्ष मनराखन ठाकुर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सोनम वांगचुक की मांगें पूरी तरह जायज हैं। वे लद्दाख में संविधान की छठी अनुसूची लागू करने की मांग कर रहे थे, ताकि क्षेत्र की आदिवासी संस्कृति, पर्यावरण और जमीन की रक्षा हो सके। ठाकुर ने कहा कि एक ऐसे व्यक्ति को, जो संवैधानिक अधिकारों की बात कर रहा था, उसे 'विदेशी एजेंट' बताकर गिरफ्तार करना सरासर गलत है। उन्होंने सरकार से मांग की कि वांगचुक को तुरंत रिहा किया जाए और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाई जाए। मनराखन ठाकुर ने छत्तीसगढ़ में भी आदिवासियों के सामने आ रही समस्याओं पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भी जल, जंगल और जमीन उजाड़े जा रहे हैं और आदिवासियों की पौराणिक परंपराओं को अमान्य किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि नए अधिकारियों को आदिवासी रीति-रिवाजों का ज्ञान नहीं है, जिसके कारण टकराव बढ़ रहा है। समाज के अध्यक्ष ने कहा



कि आदिवासियों के प्रमोशन में आरक्षण को खत्म किया जा रहा है, जिससे समाज में रोष है। साथ ही उन्होंने वन विभाग पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वन विभाग लगातार आदिवासियों के पारंपरिक अधिकारों का अतिक्रमण कर रहा है और उनके जल, जंगल के अधिकारों को छीन रहा है। उन्होंने जोर दिया कि सरकार को इन मुद्दों की संवेदनशीलता को समझने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि रतनपुर, पाली सहित प्रदेश के कई इलाकों में आदिवासियों के अधिकारों पर अतिक्रमण हो रहा है, जिसके कारण पूरा समाज आक्रोशित है। समाज ने केंद्र और राज्य सरकार से आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## धान खरीदी से पहले सरकार जवाबदेही स्पष्ट करें :जयप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

समर्थन मूल्य धान खरीदी प्रारम्भ होने से पहले ही सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारी प्रबंधक, सहायक प्रबंधक, सेल्समैन लिपिक, चपरासी, चौकीदार एवं



ऑपरेटरों ने चरणबद्ध आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है, यदि ऐसा होता है तो एक बार फिर धान खरीदी को ग्रहण लग सकता है।

छतीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने बताया कि खरीफ वर्ष 2025-26 हेतु धान खरीदी की तिथि 15 नवंबर तय है लेकिन सरकार के एक आदेश के अनुसार सरकारी अधिकारी को खरीद केंद्रों में प्रभारी बनाने की बात कही जा रही है जो न्यायोचित नहीं है जिसे लेकर संघ में असंतोष ब्याप्त है। संघ का मानना है कि सरकार धान खरीदी के लिए स्पष्ट जवाबदारी तय करें, जिससे पता चले कि धान खरीद के दौरान आने वाले समस्याओं के लिए जवाबदेह कौन होगा। धान खरीदी के शुरुआती समय से लेकर अंतिम धान उठाव तक का जिम्मेदारी कौन लेगा है, समिति के लिए प्रश्नचिन्ह है? प्रदेश संघ ने दीपावली निकलते ही चरणबद्ध आंदोलन कि तैयारियां शुरू कर दी है। संघ के ज्ञापन के मुताबिक यदि उनकी बातें नहीं सुनी गई तो आगामी धान खरीदी प्रभावित हो सकती है।

## कलात्मक और सांस्कृतिक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**महासमुंद।** समग्र शिक्षा के अंतर्गत विद्यार्थियों की रचनात्मकता, सांस्कृतिक प्रतिभा तथा कला के प्रति अभिरुचि विकसित करने के उद्देश्य से कला उत्सव 2025-26 का आयोजन विकासखंड महासमुंद में किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक और सांस्कृतिक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में सुरेंद्र मानिकपुरी (प्राचार्य पब्लिक स्कूल तुमगांव), अवनीश कुमार वाणी (प्राचार्य शिशु संस्कार) तथा विरोध कुमार असगर (व्याख्याता नरतोरा) उपस्थित रहे, जिन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया। विभिन्न विधाओं में चयनित विद्यार्थियों में गायन (समूह) छाया सहिस एवं साथी हायर सेकेंडरी बिरकोनी, नृत्य (एकल शास्त्रीय) झरना साहू उमावि गढ़सिवनी, नृत्य (समूह) मनीषा साहू एवं साथी उमावि बिरकोनी, तबला वादन भूपेश गढ़सिवनी, ढोलक वादन पंकज ठाकुर शिशु संस्कार, हारमोनियम वादन तामेश्वर यादव गढ़सिवनी, दृश्यकला (रंगोली) दामिनी वर्मा उमावि बेमचा, चित्रकला विद्या साहू बेमचा, मूर्ति कला टुकेश्वर साहू बेमचा, दृश्यकला (धान शिल्प) रिंकी निषाद एवं साथी शामिल है।

## डोंगरीपाली में शासकीय कोटवारी भूमि पर पूर्व सरपंच ने किया अवैध मकान निर्माण, तहसीलदार ने जारी किया स्थगन आदेश

**पिथौरा (ग्रामीण)।** समीपस्थ ग्राम डोंगरीपाली की पूर्व सरपंच अहिल्या बरिहा के विरुद्ध शासकीय कोटवारी भूमि पर अनाधिकृत रूप से मकान निर्माण करने के मामले में ग्रामीणों की शिकायत के आधार पर न्यायालय तहसीलदार पिथौरा ने स्थगन आदेश जारी किया है। गौरतलब है कि ग्राम डोंगरीपाली के निवासी गंगाधर बरिहा पिता लक्ष्मण बरिहा व अन्य ग्रामवासियों ने पूर्व में भी इस अवैध निर्माण की शिकायत की थी। उस समय भी न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश जारी किया गया था, जिसके बाद मकान का निर्माण कार्य रोक दिया गया था। अब ग्रामीणों का कहना है कि कुछ महीने बीतने के बाद पूर्व सरपंच अहिल्या बरिहा पति सुरेश बरिहा द्वारा उक्त भूमि पर पुनः निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। ग्रामीणों ने शिकायत में बताया है कि शासकीय अभिलेखों में विवादित भूमि खसरा क्रमांक 513 एवं 521 'कोटवारी सेवा भूमि' मद में दर्ज है। इस शासकीय भूमि पर पूर्व सरपंच द्वारा मकान का अवैध निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा पुनः शिकायत दर्ज कराने के बाद न्यायालय तहसीलदार पिथौरा ने मामले को संज्ञान में लेते हुए पूर्व सरपंच अहिल्या बरिहा को कोटवारी भूमि पर किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य को रोकने के लिए तत्काल प्रभाव से स्थगन आदेश जारी किया है।



## फॉर्च्यून नेत्रहीन विद्यालय में सफेद छड़ी दिवस मनाया गया

**बागबाहरा।** फॉर्च्यून नेत्रहीन उच्चतर माध्यमिक शाला करमापटपर बागबाहरा खुर्द में सफेद छड़ी दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। हर वर्ष 15 अक्टूबर को पूरे विश्व में सफेद छड़ी दिवस मनाया जाता है जो दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए स्वतंत्रता, गरिमा और आत्मनिर्भरता का प्रतीक हैं। सफेद छड़ी दिवस का दिन दृष्टिबाधित लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों को समझने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का दिन है। फॉर्च्यून नेत्रहीन उच्चतर माध्यमिक शाला में आयोजित इस आयोजन में संस्था के संचालक निरंजन साहू, प्राचार्य रश्मि साहू, अधीक्षिका लक्ष्मी प्रिया साहू, टीचर्स भूमिका यादव, ललिता साहू, वर्षा चक्रधारी, पुष्पलता पटेल, पार्वती ठाकुर, तथा समस्त कर्मचारी छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही।

# नवीन धान खरीदी केंद्र भूपेश सरकार की देनः अंकित

## धान सीधे खरीद केंद्र से राइस मिलों में नहीं जाने से लग रही शासन को अरबों की चोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- 62 ग्रामों के हजारों किसानों को मिल रहा लाभ

कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि कांग्रेस की भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली सरकार ने किसानों को हो रही समस्या से अवगत हो समस्त अव्यवस्थाओं को समझते हुए पूरे प्रदेश में धान खरीदी के उपकेंद्र बनाए थे। जिसका परिणाम ये हुआ कि आज वर्तमान राज्य सरकार को नियमानुसार उन समस्त उपकेंद्रों को नवीन सोसायटी के रूप में मान्यता दे दी गई। लेकिन, अफसोस कई जगहों से नए उपकेंद्रों और नवीन केंद्रों की मांग होने के बाद भी भाजपा की डबल इंजन सरकार एक भी नए केंद्र नहीं खोल पा रही। ऊपर से पूर्व वर्ती कांग्रेस सरकार की असरकारी नीतियों से अलग जा कर नई नीतियां बनाई गई,जिससे किसानों के साथ साथ समिति कर्मचारियों के हक में भी डाका डाला जा रहा है।

अंकित ने बताया कि धान खरीदी केंद्रों की समस्याएं भाजपा सरकार में जस की तस है,जिसमें सबसे वास्तविक और आवश्यक मांग 72 घंटे में उठाव, शून्य प्रतिशत शॉर्टेज देने पर प्रोत्साहन राशि का प्रावधान, कर्मचारी वेतन अनुदान व शेष धान का उठाव किसी भी हालत में खरीदी बंद होने के एक माह के अंदर करने की जायज मांग की है, जिसे भी वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा मनमाने तरीके से बदला जा रहा है और इसका दुष्परिणाम किसानों को भी प्रति बारदाना 650 ग्राम से



डेढ़ किलो अतिरिक्त धान समिति को देना पड़ता है। जिसे भी तत्काल सुधारते हुए जिलाधिकारी को घोषणा करनी चाहिए कि प्रति बारदाना कितना किलो धान खरीदा जाएगा।

अंकित ने बताया कि खल्लारी विधानसभा अंतर्गत बागबाहरा विकासखंड में नवीन समिति बी के बाहरा बनने से बी के बाहरा, पतेरापाली, गाड़ाघाट, बोहारडीह, भीमखोज, जोरातराई, रैताल, ओंकारबंद को बनने से एम के बहरा, पड़कीपाली, चुरकी, तरपोंगी, ओंकारबंद, तेलीबांधा, डोंगरगांव के बनने से खुडमुडी, चारभांटा, डोंगरगांव, झिटकी के बनने से झिटकी, कोकड़ी, मुड़पार, राटापाली, बहराभांठा, झलमला साल्हेभांटा के बनने से साल्हेभांटा, दाहिजबांधा, बैगा खम्हारिया, डोंगा खम्हारिया, कुसमी, बोईरगांव के बनने से बोईरगांव, पतेरापाली स, दरबेकेरा, चिखली, सरायपाली, घोटियापानी के बनने से घोटियापानी, छुरीडबरी, बोकरामुडाकला, हाथीबाहरा, खुसरुपाली, बोकरामुड़ाखुर्द, कंडीझर, मातरबाहरा, बिचलादादर, कलमीदादर के बनने से टेका, कलमीदादर, बांदूमुडा, डोकरपाली, टूरीझर, कौसरा के बनने से कौसरा, ठाकुरीपाली, कौहाकुडा इसी प्रकार पिथौरा विकासखंड अंतर्गत कोल्दा बनने से कोल्दा के अलावा नवागांव खुर्द, सेवाती, भरवामुडा, नवागांव कला के बनने से नवागांव कला, सुईनारा, सोहागपुर, कोदोपाली, चुरुपाली, धनोरा के बनने से दुरुगपाली, फुटगुना, धनोरा, हरदी लगभग 62 ग्रामों के हजारों किसानों को इसका लाभ मिल रहा है, इस दूरगामी सोच के लिए उन्होंने कांग्रेस की भूपेश बघेल की सरकार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है।




# सरस्वती साइकिल योजना के तहत छात्राओं को मिली निःशुल्क साइकिलें कार्यक्रम में दिखा उत्साह और आत्मविश्वास का अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

- खैरटखुर्द में स्कूल की छात्राओं को बांटी गई साइकिल

राज्य शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत हायर सेकंडरी स्कूल खैरट खुर्द में छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उल्लास और उत्साह का वातावरण बना रहा। छात्राओं ने साइकिल प्राप्त कर शासन के प्रति आभार व्यक्त किया और नियमित रूप से विद्यालय आने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भीखम सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत रहे। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में धनीराम मारकर जनपद सदस्य प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेवाराम साहू, अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंधन समिति ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पिलेश्वर पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष, लोकेश पुनरिया, मंडल अध्यक्ष खल्लारी, ताराचंद देवांगन महामंत्री भाजपा, विष्णु साहू, सोसाइटी अध्यक्ष, बसुलाडबरी सरपंच जाकेश्वरी चक्रधारी, तथा उपसरपंच प्रीति साहू उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का संचालन हेमलाल रात्रे, व्याख्याता द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन पुरुषोत्तम चंद्राकर,



प्राचार्य हायर सेकंडरी स्कूल खैरटखुर्द ने किया। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के सदस्य जोधन चक्रधारी, हुमन सेन, कामता प्रसाद साहू, राजेंद्र सेन, मोनिका ठाकुर, डाली देवांगन, ओमप्रकाश ध्रुव, मनराखन साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि भीखम सिंह ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि "राज्य शासन की सरस्वती साइकिल योजना बेटियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त माध्यम है। साइकिल के माध्यम से अब ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राएं बिना किसी कठिनाई के विद्यालय पहुंच सकेंगी। यह योजना बेटियों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने में मील का पत्थर साबित हो रही है।" उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा ही जीवन का वास्तविक मार्ग है और बेटियां जब शिक्षित होंगी तो समाज सशक्त बनेगा। उन्होंने छात्राओं से कहा कि वे इस साइकिल का उपयोग केवल विद्यालय आने-जाने के लिए ही नहीं बल्कि अपने सपनों की ओर बढ़ने के साधन के रूप में करें।

कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे रेवाराम साहू ने कहा कि शासन की यह योजना समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच और समान अवसर की भावना को मजबूत करती है। ग्रामीण अंचल में इस योजना से विद्यालयों में छात्राओं की उपस्थिति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। विद्यालय के प्राचार्य पुरुषोत्तम चंद्राकर ने कहा कि साइकिल वितरण योजना से शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊर्जा आई है। छात्राओं में आत्मविश्वास और अनुशासन की भावना बढ़ी है, जिससे वे भविष्य में समाज के लिए प्रेरणा बनेंगी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गई, जिसने उपस्थित जनों का मन मोह लिया। अंत में सभी अतिथियों ने छात्रों के निरंतर प्रगति की कामना की।

